आदेश की क्रम सं० एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)।

U/S 15 OF THE BIHAR TENANT'S HOLDINGS (MAINTENANCE OF RECORDS) ACT, 1973

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–16 / 2020–21

1. श्रीमती रीता देवी, पति–दिलीप महतो, सा०–ताऊ,
बिचका टोली, पो०+थाना–बुण्डू, जिला–राँची।..........................अपीलार्थी।

बनाम

1. झारखण्ड सरकार अंचल अधिकारी, बुण्डू (राँची)..........................विपक्षी।

आदेश

14.10.2020

प्रस्तुत वाद में अपीलार्थी ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–441 R27 / 2018-2019 में दिनांक–14.04.2019 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्नलिखित भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

भूमि विवरणी

मौजा	थाना	थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
ताऊ	बुण्डू	27	337	1066	04 डिसमील

चौहदीः–उ०–कुआँ, द०–सहायक रास्ता, पू०–क्रेता नीज, प०–पंचानन महतो।

अपीलार्थी की ओर से दायर अपील आवेदन पर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय के नामांतरण मुकदमा सं०–441 R27 / 2018-2019 का अस्वीकृति की सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि की छायाप्रति का अवलोकन किया गया। अंचल अधिकारी, बुण्डू के प्रतिवेदनानुसार सुनवाई की तिथि को आवेदक द्वारा मूल कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। अतएव इसी आधार पर नामांतरण वाद अस्वीकृत की गयी है।

अभिलेखबद्ध दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि अपीलार्थी को पुनः सुनते हुए नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

निम्न न्यायालय को इस आदेश की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।

लेखापित एवं संशोधित

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2021.08.24 11:12:15 +05:30
Location: 10.93.79.7

ह०/- 14/10 ह०/- 14/10

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)। भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू(राँची)।

1140(iii) 31.12.2020